# यमुना सिटी में टाटा देगा प्रशिक्षण इंक्यूबेशन सेंटर में बना सकेंगे उत्पाद

## 8000 वर्गमीटर में टाटा टेक्नोलॉजीज की मदद से बनाया जाएगा सीआईआईआईटी

माई सिटी रिपोर्टर

**ग्रेटर नोएडा।** नई प्रोद्योगिकी के लिए प्रशिक्षण और खुद का स्टार्टअप शुरू करने के लिए उत्पाद तैयार करने की सुविधा एक ही छत के नीचे यमुना सिटी में मिलेगी। यमुना प्राधिकरण जहां इसके लिए सेंटर फॉर इनोवेशन, इंवेंशन, इंक्यूबेशन एंड ट्रेनिंग (सीआईआईआईटी) बनाएगा। वहीं टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड इसका संचालन प्रशिक्षण और दूसरे कामों के लिए करेगी।

प्रदेश सरकार ने सीआईआईआईटी के संचालन के लिए टाटा टेक्नोलॉजीज को नामित कर दिया है। इसके लिए आदेश भी जारी कर इसकी सूचना शुक्रवार को शासन के विशेष सचिव अभिषेक सिंह ने यमुना प्राधिकरण के सीईओ राकेश कुमार सिंह को भेजी है। शासन के पत्र में कहा गया है कि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा सीएसआर फंड से व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के लिए इस संस्थान का निर्माण किया जाना है। इसके लिए पूर्व में ही सेक्टर-33 में इसके लिए 8704 वर्गमीटर का भूखंड आई-1 आवंटित किया गया था।

अब यहां संस्थान के बनाए जाने के लिए काम शुरू कराया जा सकेगा। टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड इसमें सहयोग करेगी। सीईओ का कहना है कि प्रयास रहेगा कि यह केंद्र जल्दी काम शुरू कर दे। इससे जहां प्रशिक्षण युवाओं को मिल सकेगा। वहीं, अपने स्टार्टअप के लिए बिना भारी-भरकम निवेश के अपना उत्पाद भी बाजार में लांच करने के लिए युवा उद्यमी यहां बना सकेंगे।



सीईओ राकेश कुमार सिंह । अमर उजाला

**रंग लाया प्रयास**

सीआईआईआईटी का निर्माण शुरू होने और इसका फायदा युवाओं को दिलाने के लिए जमीन आवंटन के बाद भी यह प्रोजेक्ट लंबित बना हुआ था। सीईओ राकेश कुमार सिंह के कार्यभार संभालन के बाद इस दिशा में काम शुरू हुआ। 22 अगस्त को ही इसके लिए एक पत्र शासन को भेजा गया था। मुख्यमंत्री कार्यालय में भी इसके महत्व को देखते हुए सीईओ ने खुद वार्ता की। यह प्रयास रंग लाया और कंपनी के तय होने से संस्थान के बनने का रास्ता खुल सका।